**खबर संक्षेप**

### खनिज रेत का अवैध परिवहन करने पर 2 ट्रैक्टर जप्त

**शहडोल।** जिला खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य ने बताया कि खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशानुसार खनिज विभाग शहडोल द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियों की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राप्त शिकायत के आधार पर ग्राम खमरौंध तहसील जैतपुर क्षेत्र अन्तर्गत खनिज रेत का अवैध परिवहन में संलिप्त 02 ट्रैक्टर को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया । उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी, थाना अमलाई की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**शहडोल।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को शहडोल स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में भव्य आयोजन किया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया था। हर ओर भक्ति और उल्लास का वातावरण था, जिससे पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी और पूजन-अर्चन से किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रंखला प्रस्तुत की। रास-लीला, नृत्य, भजन और श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।आयोजन का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा मटकी फोड़ प्रतियोगिता, जिसमें छात्रों ने एक-दूसरे से बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के जोश और उत्साह ने उपस्थित दर्शकों में ऊर्जा का संचार कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा।

## कोतवाली के स्थायी कर्मचारी: पुलिस मुख्यालय के आदेश धरे रह गए

# आदेश किताबों में, पुलिस कर्मी जमीन पर स्थायी

### कप्तान कार्यालय में भी जड़े जमाये वर्षों से बैठे वर्दीधारी

शहडोल



जिले में पुलिस व्यवस्था पर सवाल उठ खड़े हुए हैं, थानों में पदस्थ कुछ पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जो वर्षों से अंगद की तरह जमे हुए हैं। न अपराधियों का खौफ, न तबादले का डर—बस जुगाड़ और संरक्षण का सहारा। तीन साल से ज्यादा एक थाने में टिके रहने पर रोक के आदेश केवल फाइलों तक सीमित हैं। नतीजा यह कि अपराधियों से लेकर नेताओं तक, सबकी मिलीभगत से कानून और व्यवस्था का खेल तमाशा बन गया है। पुलिस मुख्यालय का साफ नियम है कि कोई भी आरक्षक या प्रधान आरक्षक तीन साल से ज्यादा एक थाने में नहीं रह सकता। लेकिन शहडोल की कोतवाली एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय इसका अपवाद है। यहां ऐसे कई वर्दीधारी मिल जाएंगे, जो पिछले 8-10 सालों से अंगद की तरह पैर गड़ाए बैठे हैं। आलम यह कि कुछ तो जिला मुख्यालय की हवा तक बदलना नहीं चाहते। सवाल है—क्या ये पुलिसकर्मी थानों के कर्मचारी हैं या स्थायी सम्पत्ति?

#### अपराधियों से दोस्ती, जनता से दूरी

लंबे समय से जमे ये पुलिसकर्मी अब अपने क्षेत्र के अपराधियों के लिए मित्र और आम जनता के लिए मालिक बन चुके हैं। खबर है कि इनकी अपराधियों के साथ उठक-बैठक इतनी गहरी है कि गुप्त सूचनाएं तक अपराधियों के कानों में फूंक दी जाती हैं। पुलिस और अपराधियों का यह गठजोड़ ईमानदार पुलिसकर्मियों की मेहनत पर पानी फेर देता है। ऐसे में जनता किस पर भरोसा करे—पुलिस पर या फिर अपराधियों पर?

#### नया अफसर, पुराने कारखास

जब-जब जिले में नया एसपी या थाना प्रभारी आता है, ये स्थायी कर्मचारी अपने पुराने हुनर दिखाने लगते हैं। चाय-नाश्ते से लेकर ऊपरी कमाई के नए रास्ते बताने में माहिर यह गैंग जल्दी ही थानेदार का कारखास बन जाता है। नतीजा यह होता है कि नियमों और तबादला आदेशों का ध्वज वहीं फहरता है—फाइलों में। वास्तविकता में वही चेहरे, वही खेल और वही मलाई खाने वाले पुलिसकर्मी जनता के सामने हुक्म चलाते रहते हैं।

#### ईमानदार भी बदनाम

थानों में सभी पुलिसकर्मी भ्रष्ट या अपराधियों से मिले हों, ऐसा नहीं है। कई ईमानदार, मेहनती और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस वाले भी हैं, जिनकी वजह से पुलिस का इकबाल बचा हुआ है, लेकिन समस्या यह है कि कुछ जुगाड़ू वर्दीधारी उनकी मेहनत को भी शक के घेरे में खड़ा कर देते हैं। अपराधियों से सांठगांठ रखने वाले ये पुलिसकर्मी पूरे विभाग की छवि खराब करने में कोई कसर नहीं छोड़ते।

#### तबादले का नाटक और सोहागपुर यात्रा

कहा जाता है कि इन स्थायी पुलिसकर्मियों का तबादला भी कभी-कभार होता है, लेकिन मजाल है कि वे कोतवाली से ज्यादा दूर जाएं। अधिकतम उन्हें सोहागपुर की यात्रा करवा दी जाती है, जहां से लौटकर वे फिर उसी कोतवाली में जम जाते हैं। यानी तबादले की प्रक्रिया केवल खानापूर्ति है। यह सिलसिला पिछले एक-दो नहीं, बल्कि 10 से 15 सालों से जारी है।

#### व्यापारी और ठेले वाले भी पहचान में

कोतवाली में जमे इन वर्दीधारियों ने केवल अपराधियों ही नहीं, बल्कि ठेले वालों से लेकर बड़े व्यापारियों तक में गहरी पहचान बना ली है। चर्चाओं में यह भी है कि इसी पहचान का लाभ उठाकर हर महीने मोटी कमाई की जाती है। हालात यह हैं कि अपराध नियंत्रण की जगह अब गली-गली से वसूली ही इनकी असली पहचान बन गई है।

#### जनता के भरोसे की कीमत

पुलिस का काम जनता में सुरक्षा का भाव जगाना है। लेकिन जब जनता देखती है कि अपराधियों से मिलकर पुलिस ही गुप्त जानकारी बेच रही है, तो भरोसा कैसे कायम रहे? यही वजह है कि शहडोल की कोतवाली में पदस्थ इन स्थायी कर्मचारियों पर अब सवाल उठने लगे हैं। जनता का कहना है कि जब तक इनका तबादला नहीं होगा, पुलिस का इकबाल मजबूत नहीं हो सकता।

#### नेताओं और अफसरों का संरक्षण

इन पुलिसकर्मियों की अमरता की असली वजह नेताओं और कुछ बड़े अधिकारियों का संरक्षण है। सूत्र बताते हैं कि इनके तबादले की फाइल अक्सर निकलती है, लेकिन गंतव्य स्थान तक पहुंचने से पहले ही ठंडी हो जाती है। नेता चुनाव में सेवाएं लेते हैं और अफसर अपनी सुविधाएं। यही कारण है कि पुलिस मुख्यालय के आदेश भी यहां केवल दिखावे के लिए हैं। जागरूक नागरिकों ने एसपी से मांग की है कि कोतवाली सहित सभी थानों में वर्षों से जमे कर्मचारियों का तत्काल तबादला किया जाए। उन्हें जिले के अन्य हिस्सों में भेजकर वहां की वास्तविकता से रूबरू कराया जाए। साथ ही यह भी जरूरी है कि तबादला केवल कागजों पर नहीं, बल्कि हकीकत में लागू हो। तभी पुलिस पर जनता का भरोसा लौट सकता है।



## कैंटीन ठेकेदार की गुंडागर्दी

**कर्मचारी को कमरे में बंद कर पीटा, दी जान से मारने की धमकी**

**शहडोल।** जिले के ओपीएम अमलाई कैंटीन में ठेकेदारी करने वाले प्रशांत शर्मा की दबंगई का मामला सामने आया है। सिंहपुर गढ़ी मोहल्ला वार्ड 13 निवासी 28 वर्षीय पूरन कुशवाहा ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि ठेकेदार ने उसे अपने कमरे में बंद कर लाठी-डंडे से मारपीट की, शराब पीने के लिए दबाव बनाया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह पिछले तीन साल से कैंटीन में वेन्डर (सप्लाई) का काम करता है। 16 अगस्त की दोपहर वह अपनी ड्यूटी पर पहुंचा तो, ठेकेदार प्रशांत शर्मा ने उसे और उसके साथी गणेश केवट को कमरे नंबर 33 पर बुलाया। वहां मजदूरी का एडवांस देने की बात कहकर उसके साथी के फोन-पे पर 3 हजार रुपये भेजे और 1 हजार रुपये का सामान मंगवाकर शराब पार्टी शुरू कर दी।

पूरन कुशवाहा का आरोप है कि जब उसने शराब पीने से इनकार किया तो, ठेकेदार ने धमकाते हुए कहा कि ड्यूटी पर जाना है या नहीं, आज की हाजिरी काट दी गई है और शराब पीना ही पड़ेगा। डर के कारण उसने और गणेश ने थोड़ी शराब पी, जिसके बाद प्रशांत ने घर की सफाई और बर्तन धुलवाने की जिद की। इनकार करने पर गालियां दीं और दरवाजा बंद कर लाठी-डंडे से बेरहमी से पीटा। हमले में पीड़ित की आंख, गाल और हाथ पर गंभीर चोटें आईं।

करीब एक घंटे तक कमरे में बंधक बनाए रखने के बाद आरोपी ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो ड्यूटी से निकाल दूंगा और जान से मार दूंगा। किसी तरह बचकर निकले पीड़ित ने घटना की जानकारी साथियों गणेश केवट, रामेश्वर सिदार और सुंदरलाल को दी और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले में आरोपी ठेकेदार प्रशांत शर्मा के खिलाफ धारा 296, 116(2), 361(3), 127(2), 225 बीएनएस के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है। कर्मचारियों से जबरन काम कराने, शराब पिलाने और बंधक बनाकर मारपीट करने की यह घटना ठेकेदारी तंत्र की मनमानी और मजदूरों की मजबूरी को उजागर करती है। अब देखना होगा कि पुलिस और प्रबंधन आरोपी पर कितनी सख्ती दिखाते हैं।

## प्रधान डाकघर में धूमधाम से फहराया गया तिरंगा



**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बुधवार को शहर के प्रधान डाकघर में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर पुष्पेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद मुख्य डाकघर प्रांगण में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें पोस्ट मास्टर सुप्रियल मिंज ने मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्यजनों का स्वागत किया।

अपने उद्बोधन में अधीक्षक डाकघर पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि डाक विभाग का ध्येय वाक्य डाक सेवा - जन सेवा केवल एक नारा नहीं बल्कि सेवा भावना का संकल्प है। हमें चाहिए कि हम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए अपनी सेवाओं को त्रुटि रहित, समयबद्ध और शिकायत-रहित बनाएं। उन्होंने सभी कर्मचारियों से ईमानदारी और निष्ठा के साथ नियमों का पालन करते हुए जनसेवा में स्वयं को समर्पित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को राजीव शंकर तिवारी और अमित दाहिया ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता दिवस को त्याग और सेवा का प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि डाक विभाग आमजन के जीवन से सीधे जुड़ा है, इसलिए प्रत्येक कर्मचारी का उत्तरदायित्व है कि वह नागरिकों तक सेवाओं को सरल और सुगम ढंग से पहुँचाए। इस अवसर पर विभाग के उन कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्षभर अपने कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुरस्कृत कर्मचारियों में पुष्पेंद्र सिंह चौहान, राजेंद्र प्रसाद पांडे, पूजा कौर, संध्या साहू, निर्भय तिवारी, कमलेश पांडेय, वीकेश मीणा, नवीन तिवारी, कमलेश कुशवाहा, अतुल मिश्रा, अमृता सिंह, एके त्रिपाठी, मुस्कान पाटकर, सोनल गुप्ता, नितेश गुप्ता और स्नेहा** सहित अन्य नाम शामिल रहे। ध्वजारोहण और सम्मान समारोह के दौरान डाक विभाग का पूरा परिवार उपस्थित रहा। सभी ने राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद कर देश सेवा के संकल्प को दोहराया।

## विश्वविद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व गुरुवार को पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में पूरे उत्साह, हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे नवलपुर परिसर में हुई, जहां विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात 9 बजे शहडोल परिसर में भी ध्वजारोहण किया गया। कुलगुरु ने अपने विस्तृत उद्बोधन में स्वदेशी वस्तुएं एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक आजादी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता, आत्मगौरव और आत्मसम्मान की अनुभूति है। उन्होंने कहा कि आजादी का वास्तविक अर्थ तभी साकार होगा जब हम स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देंगे। विद्यार्थियों एवं संकायजनों का आह्वान करते हुए उन्होंने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित भी किया गया। संचालन की जिम्मेदारी डॉ. आदर्श तिवारी ने निभाई, जबकि संपूर्ण व्यवस्था का संयोजन डॉ. बृजेंद्र पाण्डेय एवं डॉ. अरुण उपाध्याय ने किया। सभी सहभागी भारतीय पारंपरिक परिधान में उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का राष्ट्रीय रंग और गहरा हो गया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय और जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सद्भावना बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलगुरु प्रो. रामशंकर के मार्गदर्शन में संपन्न इस प्रतियोगिता में जिला प्रशासन, विश्वविद्यालय परिवार और बैडमिंटन संघ के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नॉकआउट पद्धति पर आधारित इस स्पर्धा में कुल 15 डबल्स मुकाबले खेले गए। फाइनल में प्रो. महेंद्र किशोर भटनागर और शुभ सोनी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विराज खरया और कार्तिक सोनी की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में एसडीएम अरविंद शाह, जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद, एसडीएम जयसिंहनगर काजल सिंह तथा डिप्टी कलेक्टर दीपक मांडवी ने भी सक्रिय सहभागिता प्रदान की।

कार्यक्रम और प्रतियोगिता को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. आदर्श तिवारी, प्रो. एम.के. भटनागर, डॉ. अजय सोनवानी, डॉ. हेमंत पाठक सहित जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विकास खरया, सचिव सतेंद्र सोनी, संजय जैन और अभिषेक अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

## भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जरूरतमंद छात्रों को लैपटॉप किए वितरित

**शहडोल।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय शहडोल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाज के कमजोर एवं पिछड़े वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए सराहनीय पहल की। बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत सात प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए।यह कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्रीय प्रबंधक राज कुमार मंडल के मार्गदर्शन में मुख्य प्रबंधक रविश रंजन, मुख्य प्रबंधक धीरज कुमार तथा प्रबंधक मानव संसाधन भीषम सिंह की उपस्थिति रही। अधिकारियों ने चयनित छात्रों को लैपटॉप भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होनहार विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराना था, ताकि वे शिक्षा में और बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

लैपटॉप पाने वाले विद्यार्थियों में छात्राएं ज्योति कोरी और रिमझिम यादव शामिल रहीं, वहीं छात्रों में अमन नापित, अंकित प्रजापति, मयंक यादव, लाल बैगा और सुनील बैगा को यह सुविधा प्रदान की गई। चयनित सभी विद्यार्थी शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं और भविष्य में उच्च अध्ययन एवं करियर के लिए प्रयासरत हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से सक्षम बनाएगी और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि करेगी। भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखने की बात कही गई। कार्यक्रम को विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी बताया।

## मटकी फोड़ कार्यक्रम कर मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**मानपुर।** भादो माह की अष्टमी तिथि पर मानपुर नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। घर-घर लड्डू गोपाल को स्नान और श्रृंगार कर झूला झुलाया गया, मंदिरों में भगवान के जन्मोत्सव की झांकी सजी, वहीं नगर परिषद के सौजन्य से बस स्टैंड परिसर में आयोजित मटकी फोड़ कार्यक्रम ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी। कार्यक्रम में 80 प्रतिभागियों बालक, बालिकाओं और युवाओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता हरीश विश्वकर्मा, अध्यक्षता सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सोनी अधिवक्ता, भाजपा नेता बृजवासी गुप्ता, छोटे सिंह, राम गरीब गुप्ता सहित नगर परिषद की टीम और बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। अतिथियों द्वारा श्री राधे-कृष्ण प्रतिमा की पूजा-अर्चना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 4 प्रतिभागियों ने मटकी फोडने में सफलता हासिल की। हालांकि कोई भी प्रतिभागी प्रथम (2100) और द्वितीय (1000) पुरस्कार प्राप्त नहीं कर सका, ऐसे में चारों सफल प्रतिभागियों को 500-500 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संगीतमय झूला, मक्खन-मिश्री का भोग और मटकी फोड़ की रोमांचक प्रतियोगिता ने जन्माष्टमी के इस भव्य आयोजन को और यादगार बना दिया।

## जिला इकाई शहडोल की संविदा संयुक्त संघर्ष मंच की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

शहडोल।

संविदा कर्मचारियों की मांगों और आंदोलन की रणनीति को लेकर संविदा संयुक्त संघर्ष मंच जिला इकाई शहडोल की एक महत्वपूर्ण बैठक 16 अगस्त को जिला पंचायत कार्यालय भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक मनोज कुमार मिश्रा ने की, जिसमें जिलेभर से विभिन्न विकासखंडों और विभागों के संविदा अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से 8 अगस्त को प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली विशाल रैली और प्रशासन को सौंपे जाने वाले ज्ञापन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। संगठन को मजबूत करने और आंदोलन को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया।



इनमें विकासखंड स्तरीय संयोजक और सह-संयोजक ब्योहारी, जयसिंहनगर, बुढ़ार, गोहपारू और सोहागपुर घोषित किए गए। साथ ही ज्ञापन तैयारी समिति, बैनर/होर्डिंग एवं सामग्री तैयारी समिति, प्रचार-प्रसार समिति (प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया हेतु) तथा मीडिया एवं फोटोग्राफी समिति का गठन किया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि रैली और ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी संविदा साथियों की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। संगठन ने आह्वान किया है कि हर कर्मचारी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाए, ताकि संविदा कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार तक मजबूती से पहुँचाया जा सके। बैठक का संचालन जिला संयोजक मनोज कुमार मिश्रा ने किया और अंत में सभी उपस्थित संविदा साथियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक संपन्न की गई।

### ब्रह्मा कुमारीज बुढ़ार मेडिटेशन सेंटर पर चैतन्य राधे कृष्ण, लक्ष्मी-नारायण की मनमोहक झांकी



**बुढ़ार।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारी राजयोग मेडिटेशन सेंटर, बुढ़ार में चैतन्य राधे कृष्ण एवं लक्ष्मी-नारायण की भव्य और मनमोहक झांकी सजाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और आरती वंदन के साथ हुआ। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रीता दीदी ने चैतन्य झांकी के आध्यात्मिक रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत दैवी गुणों और शक्तियों से संपन्न देश था, जिसे सोने की चिड़िया कहा जाता था। यहां घी-दूध की नदियां बहती थीं और समाज एक धर्म, एक राज्य, एक भाषा और एकमत के सूत्र में बंधा हुआ था। उन्होंने कहा कि चैतन्य झांकी हमें पुनः उसी दिव्य और पवित्र दुनिया में लौटने की प्रेरणा देती है। दीदी ने उपस्थित भक्तजनों से आग्रह किया कि वे राजयोग सीखकर अपने जीवन को दिव्य और शांति से परिपूर्ण बनाएं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश अग्रवाल (कोतमा), समाजसेविका वृंदा भगत, आरती खंडेलवाल, श्रद्धा श्रीवास्तव, भ्राता अशोक कचेर और अमित श्रीवास्तव सहित अनेक भक्तजन शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत बीके प्रवीण भाई ने किया। उन्होंने राजयोग ध्यान की गहराई से परिचय कराते हुए सभी को आंतरिक शांति का अनुभव कराया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित इस कार्यक्रम ने भक्तों को न केवल भक्ति का सुख दिया बल्कि जीवन में आध्यात्मिकता और आत्मशांति अपनाने की प्रेरणा भी प्रदान की।

## एंबुलेंस नहीं मिलने से गई बैगा परिवार के सदस्य की जान

**शहडोल/बुढार।** स्वास्थ्य सुविधाओं पर करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद जरूरतमंदों को समय पर मदद नहीं मिल पाने की एक और दर्दनाक तस्वीर सामने आई है। बुढार जनपद की ग्राम पंचायत घोघरी में रहने वाले बबरू बैगा उम्र 45 वर्ष की मौत एंबुलेंस और समय पर इलाज न मिलने से हो गई।

जानकारी के अनुसार, बीती रात बबरू बैगा घर में सोते समय जहरीले सांप के डसने का शिकार हो गए। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा पर कई बार कॉल किया, लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुँची। मजबूर होकर परिजनों ने 100 डायल (पुलिस) को सूचना दी। पुलिस वाहन उन्हें लेकर स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर पहुँचा।



परिजन बताते हैं कि जैतपुर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। हालत बिगडने पर परिजनों ने एंबुलेंस की फिर से मांग की, लेकिन उन्हें सुविधा नहीं मिल सकी। आखिरकार मजबूरी में उन्होंने 2500 रुपए देकर निजी वाहन किराए पर लिया और बबरू बैगा को शहडोल जिला अस्पताल ले जाने निकले। लेकिन समय पर इलाज न मिलने के कारण रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि यदि समय पर एंबुलेंस और प्राथमिक इलाज की सुविधा मिल जाती तो बबरू बैगा की जान बचाई जा सकती थी। मृतक के भाई ने कहा हमने रात लगभग डेढ़ बजे तक एंबुलेंस को कॉल किया, पर मदद नहीं मिली। डॉक्टर भी नहीं थे, आखिरकार मजबूरी में निजी गाड़ी लेकर निकले और भाई की जान चली गई। यह घटना एक बार फिर सवाल खड़ा करती है कि आदिवासी अंचलों में गरीबों के लिए सरकार की योजनाएँ आखिर क्यों केवल कागजों तक सीमित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर दुरुस्त किया जाए, ताकि आगे किसी गरीब को इस तरह अपनी जान न गंवानी पड़े।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलक डॉक्टर मोइन खान प्रथम दौरे पर

**जमुना/बदरा।** राष्ट्रीय छय उन्मूलक कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा नवनियुवि डॉक्टर मोइन खान 12 अगस्त से अनूपपुर जिला पर प्रथम दौरे पर भ्रमण कर रहे हैं। इसी संदर्भ में ब्लॉक पुष्पराजगढ़ और अमरकंटक का विजिट क्रमशः करते हुए सिविल अस्पताल प्राप्त दर्ज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विकासखंड कोतमा डीएमसी का बुधवार को उनके द्वारा आयोजित किया गया। वर्तमान में संचालित निश्चय शिविर के दौरान टीवी जांच से संबंधित जानकारी लेते हुए टूना साइड पर टारगेट के अनुसार टीवी जांच की संख्या टीवी मरीज की निश्चय उपलब्धता डीबीटी की स्थिति आदि को सूचना हुआ और बहन जानकारी लिया गया टीवी रजिस्टर पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया। 14 अगस्त को विकसित से संबंधित अनूपपुर सीएमएचओ डॉक्टर आरके वर्मा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक किया गया जिला छह अधिकारी को एक काबिल टीवी ऑफिसर का कर संबोधित किया गया इस दौरान कोतमा सीबीएमओ राजेश पटेल बीपीएम अजय सोनी डी टीसी एलएस अंसारी ज्योति गुप्ता सोहराम शिवकुमार नामदेव सीएचओ प्रियंका वर्मा ज्योति प्रधान मंजू मोहम्मद हनीफ खान फूल सिंह ओटी आदि लोग उपस्थित रहे।

### केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**अमरकंटक।** कल्याण स्थित केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय, अमरकंटक में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य कमलेश मिश्रा तथा मुख्य अतिथि उमाशंकर पांडेय एवं विनोद शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। ध्वजारोहण तिरंगा फहराते ही देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा परिसर गूंज उठा। मार्च पास्ट छात्रों ने अनुशासन और सैन्य प्रशिक्षण का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए मुख्य अतिथियों को सलामी दी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देशभक्ति गीत, कविताएं और नृत्य ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। राष्ट्रीय ध्वज पिरामिड छात्रों द्वारा मानव पिरामिड बनाकर तिरंगे का रूप प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अपने उद्बोधन में प्राचार्य कमलेश मिश्रा एवं मुख्य अतिथियों ने स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को देश के विकास में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अंत में विनोद शुक्ला ने सभी उपस्थितजन का आभार व्यक्त किया और स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### लोक तंत्र के सेनानियों एवं शहीद परिवारों को शाल एवं श्रीफल देकर किया गया सम्मानित



**शहडोल।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोक तंत्र के सेनानियों एवं शहीद परिवारों को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने लोकतंत्र के सेनानी कामता प्रसाद गौतम को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसी तरह जिला प्रशासन द्वारा लोक तंत्र सेनानियों को उनके घर में जाकर शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित करने की व्यवस्था की गई थी। जिला खनिज अधिकारी राहुल सांडिल नें लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय सूर्यवंश मिश्रा के सुपुत्र शरद मिश्रा को घर में शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। विजय सोनी वार्ड नंबर 10 शहडोल में अमर शहीद देवेन्द्र कुमार सोनी के पिता विजय कुमार सोनी को जिला योजना अधिकारी ने शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की सहायक संचालक श्रीमती जूही खटिक नें लोक तंत्री सेनानी शिवकुमार नामदेव को ब्यौहारी नगर परिषद में शहीद स्वर्गीय श्यामकिशोर की पत्नी श्रीमती यषोदा मिश्रा तथा लोकतंत्र सेनानी रामखेलावन गुप्ता की पत्नी श्रीमती रानी बाई गुप्ता को मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्योहारी शरद मिश्रा ने, बुढ़ार जनपद पंचायत में लोकतंत्र सेनानी की पत्नी श्रीमती रामबाई गुप्ता को, जनपद अध्यक्ष बुढ़ार सुश्री उमा धुर्वे एवं सीईओ जनपद पंचायत बुढ़ार ने शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।

## उमरिया पुलिस की लीपापोती

### ब्राइट स्कूल फर्जीवाड़ा: डीआईजी के आदेश भी धरे के धरे

# 9 माह बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

### स्मार्ट पुलिसिंग का मजाकः हाईकोर्ट के आदेश पर भी सोई रही कोतवाली

उमरिया में स्मार्ट पुलिसिंग के दावों की पोल एक बड़े फर्जीवाड़े ने खोलकर रख दी है। शिक्षा विभाग से जुड़े दो स्कूलों द्वारा जाली दस्तावेजों के खेल का मामला प्रमाणित होने और एफआईआर दर्ज होने के नौ माह बाद भी पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। हाईकोर्ट के आदेश, डीआईजी के निर्देश और जांच प्रतिवेदन सब धरे रह गए, लेकिन कार्रवाई आज तक शून्य है।

उमरिया।






प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग और जीरो टॉलरेंस की बातें मंचों और प्रेस कॉन्फ्रेंस तक ही सीमित रह गई हैं। जिले के बहुचर्चित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल (इमामबाड़ा) और ब्राइट फ्यूचर मिडिल स्कूल (महरोई) मामले ने इस कड़वी सच्चाई को उजागर कर दिया है। शिकायत, जांच, हाईकोर्ट का आदेश, डीआईजी का निर्देश सबकुछ होने के बावजूद पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तारी तक करना जरूरी नहीं समझा। शिकायतकर्ता नसीम रजा खान ने पुलिस महानिरीक्षक (डीआईजी) को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि दोनों स्कूलों द्वारा शिक्षा विभाग की मिलीभगत से जाली दस्तावेज तैयार कर बेचे-खरीदे जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए गए। कोतवाली उमरिया और शिक्षा विभाग ने रिपोर्ट दी कि आरोपियों शाहिन मनसूरी, खालिक मनसूरी (बेदी) और उनके सहयोगियों ने फर्जीवाड़ा किया है। यह संज्ञेय अपराध साबित हुआ, फिर भी कार्रवाई न होना न्यायिक व्यवस्था की खिल्ली उड़ाता है।

#### एफआईआर दर्ज कराने के लिए हाईकोर्ट की शरण

मामला इतना दबाया गया कि आवेदक जब-जब कोतवाली पहुंचा, एफआईआर दर्ज करने से मना कर दिया गया। अंततः मजबूर होकर नसीम रजा खान को हाईकोर्ट में रिट दायर करनी पड़ी। कोर्ट ने 18 नवम्बर 2024 को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। यह न्यायपालिका की सख्ती का नतीजा था कि पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली, मगर गिरफ्तारी और आगे की कार्रवाई फिर भी टलती रही।

#### डीआईजी का आदेश भी दरकिनार

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब खुद पुलिस उप महानिरीक्षक ने 4 दिसम्बर 2024 को एसपी उमरिया को पत्र लिखकर तत्कालीन कोतवाली प्रभारी बालेन्द्र शर्मा को विवेचना से हटाने का निर्देश दिया, तो फिर आदेश पर अमल क्यों नहीं हुआ? पत्र में साफ कहा गया था कि निष्पक्ष जांच के लिए विवेचना किसी अन्य अधिकारी को दी जाए, लेकिन 9 माह बीत जाने पर भी वही अधिकारी केस को संभालते रहे और केस को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। आरोप यह भी है कि तत्कालीन नगर निरीक्षक बालेन्द्र शर्मा ने विभाग को गलत सूचनाएं देकर दोषियों को बचाने का प्रयास किया। आरोपपत्र में दर्ज नाम काटने और जांच को प्रभावित करने का खुला खेल चलता रहा। इससे साफ है कि पुलिस महकमे के भीतर भी रसूखदारों की ढाल बनकर कुछ अधिकारी अपराधियों को संरक्षण दे रहे हैं।

#### 90 दिन की सीमा, 9 माह की चुप्पी

कानूनन एफआईआर दर्ज होने के 90 दिनों के भीतर विवेचना पूरी होनी चाहिए। न्यायालय इस अवधि को बढ़ा भी सकता है, परंतु 09 महीने बीतने के बाद भी विवेचना अधूरी है। न गिरफ्तारी हुई, न चार्जशीट प्रस्तुत की गई। सवाल उठता है कि जब संज्ञेय अपराध प्रमाणित हो चुका है, तो आखिर पुलिस किसके दबाव में हाथ बांधे बैठी है? सबसे आश्चर्यजनक यह है कि जिस शिक्षा विभाग के साथ फर्जीवाड़ा हुआ, वही विभाग आज तक चुप्पी साधे बैठा है। न तो विभाग ने दोषियों पर ठोस कार्यवाही की और न ही पुलिस को कार्रवाई के लिए दबाव बनाया। इससे साफ संदेश गया कि जब विभाग और पुलिस दोनों चुप हैं, तो अपराधियों के हौसले बुलंद रहेंगे।

#### शिकायतकर्ता की गुहार

नसीम रजा खान लगातार न्याय की गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने पुनः मांग की है कि मामले की जांच शहडोल जिले के किसी वरिष्ठ अधिकारी को सौंपी जाए, ताकि निष्पक्ष विवेचना हो सके। उनका कहना है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो वे पुनः हाईकोर्ट की शरण में जाएंगे। यह पूरा मामला उस 'स्मार्ट पुलिसिंग' की पोल खोल देता है, जिसका डंका सरकार बजाती है। यदि प्रमाणित फर्जीवाड़े में भी गिरफ्तारी न हो, तो आम आदमी कैसे उम्मीद करे कि उसे न्याय मिलेगा? यहाँ तो हाल यह है कि रिश्वत लेते पकड़े जाने पर भी रिश्वत देकर छूट जाना आसान है।

#### सरकार के दावे और जमीनी हकीकत

सरकार मंचों से दावा करती है कि भ्रष्टाचार और अपराध पर सख्ती से नकेल कसी जाएगी। मगर उमरिया का यह मामला बताता है कि वास्तविकता इसके ठीक उलट है। यहाँ आदेश केवल फाइलों तक सीमित हैं और न्याय 'जिम्मेदारों के डर' की चौखट पर घुटनों के बल बैठा है। अब सवाल यह है कि क्या यह मामला जिम्मेदारों के लिए नजीर बनेगा या फिर अन्य हजारों मामलों की तरह फाइलों और गुमनामी में दब जाएगा। 09 माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी कार्रवाई का अभाव इस ओर इशारा करता है कि न्याय मिलना बेहद कठिन है।

## मानपुर में सामूहिक ध्वजारोहण, विधायक मीना सिंह ने फहराया तिरंगा

### मुख्यमंत्री का संदेश पढ़ा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां




मानपुर।

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 79वां स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को मानपुर नगर परिषद द्वारा आयोजित ग्रामीण खेल मैदान (स्टेडियम) में धूमधाम और गरिमामय तरीके से मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम में क्षेत्र की विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री मीना सिंह मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता सिंह एवं नगर परिषद मानपुर की अध्यक्ष श्रीमती भारती सोनी ने की। सुश्री मीना सिंह ने ध्वजारोहण कर प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वतंत्रता दिवस संदेश उपस्थित जनसमूह को पढक़र सुनाया। संदेश में प्रदेश की विकास यात्रा, सामाजिक एकता और समृद्ध भारत के संकल्प को दोहराया गया। ध्वजारोहण के साथ ही पूरा स्टेडियम भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। आकाश में उड़ते रंग-बिरंगे गुब्बारे कार्यक्रम के आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम के दौरान सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक परेड मार्च निकालकर तिरंगे को और मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और झांकियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। नवज्योति अकादमी की 11 वर्षीय छात्रा काव्या गौतम की नृत्य प्रस्तुति ने विशेष रूप से तालियाँ बटोरीं। मंच संचालन समाजसेवी सुरेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मानपुर के एसडीओ टी.आर. नाग, जनपद सीईओ राजेंद्र कुशवाहा, सीएमओ श्रीमती पुन्नीबाई प्रजापति, समाजसेवी हरीश विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राममोल केवट, पार्षदगण, जनपद सदस्य, पत्रकारगण, सभी विद्यालयों के प्राचार्य-आचार्य एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना के प्रतिनिधि मंडल ने महाप्रबंधक से की सौजन्य भेंट

### पुनर्वास, मुआवजा व रोजगार से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा



**शहडोल।** रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना से प्रभावित किसानों का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को सोहागपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संदीप एस. परांजपे से सौजन्य भेंट करने पहुँचा। महाप्रबंधक ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए सहजता से हाल-चाल जाना और प्राथमिक तौर पर परियोजना से जुड़े कुछ विषयों पर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने पुनर्वास, पुनस्थापना (आर एंड आर), लंबित मुआवजा, रोजगार स्वीकृति सहित विभिन्न मुद्दों को सामने रखा। महाप्रबंधक परांजपे ने गंभीरता दिखाते हुए कहा कि मैं जादू की छड़ी नहीं घुमा सकता, लेकिन जल्द से जल्द अपडेट लेकर समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करूंगा। उन्होंने तत्काल सोहागपुर एरिया के माइनिंग अधिकारी विजय सहाय को निर्देश दिया कि रामपुर बटुरा से जुड़े लंबित प्रकरणों का विस्तृत चार्ट तैयार कर प्रस्तुत किया जाए, ताकि शीघ्र निर्णय लिया जा सके।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जनपद सदस्य एवं वन समिति सभापति चंद्रकुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि राजकमल मिश्रा, किसान नेता आदित्य त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मनमोहन चौधरी, सरपंच श्रीमती प्रेमी झोले बैगा, पूर्व सरपंच प्रमोद बैगा, महेंद्र साहू, पप्पू साहू सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने लंबे समय से समीक्षा बैठक न होने का मुद्दा उठाया। इस पर महाप्रबंधक ने एक सप्ताह बाद बैठक बुलाने की सहमति दी। जनपद सदस्य चंद्रकुमार तिवारी ने सुझाव दिया कि अगली बैठक गाँव में किसानों के बीच आयोजित हो, जिस पर महाप्रबंधक ने सहमति जताई। भेंट के पश्चात प्रतिनिधि मंडल ने जैतपुर विधायक जय सिंह मरावी से भी मुलाकात की। इस दौरान रामपुर में असामाजिक तत्वों द्वारा उपद्रव एवं चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई गई। सरपंच द्वारा विधायक को ज्ञापन सौंपा गया। विधायक मरावी ने पुलिस अधीक्षक से संपर्क का प्रयास किया और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से बात कर स्थानीय थाना कादरी को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिलाए।

## स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी मंत्री ने मॉडल स्कूल के प्राचार्य को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज कोतमा।



जेईई में शासकीय मॉडल विद्यालय के छात्र चयनित होने पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री एवं कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल कोतमा के छात्र सागर चौधरी पिता तुलसीदास चौधरी के जेईई में चयनित होने पर छात्र सागर चौधरी एवं विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पटेल का सम्मान जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार एवं कलेक्टर हर्षल पंचोली के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के कुशल नेतृत्व एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मार्गदर्शन में जेईई एवं नीट की कक्षाएं जिले के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलों में संचालित हो रहे हैं जिससे लाभान्वित होकर जिले के शासकीय स्कूलों के छात्र भी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं विगत वर्ष भी नीट की परीक्षा में मॉडल स्कूल कोतमा की छात्रा रिया साहू का चयन हुआ था।

## रामनगर पुलिस की तत्परता से सकुशल घर लौटीं दो गुमशुदा बेटियां

हरिभूमि न्यूज रामनगर।




पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, के द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना रामनगर पुलिस ने दो गुमशुदा युवतियों को सकुशल दस्तयाब कर उनके परिजनों को सौंप दिया। दिनांक 08 अगस्त को दर्ज गुम इंसान क्र 38/25 कुमारी संध्या गुप्ता (परिवर्तित नाम) उम्र 19 वर्ष निवासी डूमरकछार, मायके में आईटीआई की परीक्षा देने आई थी और घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। इस संबंध में माँ जगमनी बाई (परिवर्तित नाम) की शिकायत पर थाना रामनगर में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए युवती को उसकी सहेली के घर से सकुशल बरामद कर लिया। इसी तरह दूसरे मामले मे 6 अगस्त को दर्ज प्रकरण में कुमारी रानी गुप्ता पुत्री जनक प्रसाद गुप्ता उम्र 18 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 6 आमाडांड थाना रामनगर से गुम हो गई थी। पुलिस ने लगातार खोजबीन करते हुए उसे ग्राम कुंडली, थाना जैतपुर, जिला शहडोल से सकुशल दस्तयाब कर लिया। इन दोनों प्रकरणों में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, एएसआई संतोष पट्टा, एचसी हरीश डेहरिया, एचसी अमित पटेल एवं एचसी निरंजन खलखो की सक्रिय भूमिका रही। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और थाना पुलिस टीम की मेहनत से दोनों गुमशुदा युवतियाँ सुरक्षित परिजनों तक पहुँच सकीं।

## जमुना-कोतमा क्षेत्र में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

# महाप्रबंधक ने दिखाई उपलब्धियों और भविष्य की राह

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।




एसईसीएल के जमुना-कोतमा क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय परिसर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गौरव और देशभक्ति की उमंग से सराबोर रहा कार्यक्रम का आगाज़ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ, जिसके बाद महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने परेड की सलामी ली और तिरंगे का ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रभक्ति के भावों से ओतप्रोत कर दिया। चारों ओर भारत माता की जय" और "वंदे मातरम के गगनभेदी उद्घोष गूंज उठे। समारोह में सीएमडी का संदेश कर्मचारियों को सुनाया गया, वहीं कवि मोहम्मद यासीन खान की ओजस्वी कविताओं ने वातावरण को और अधिक ऊर्जा और जोश से भर दिया इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन प्रतिनिधि और भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने शहीदों की स्मृति को नमन किया और उनके अमर बलिदान को याद किया। महाप्रबंधक त्रिपाठी ने अपने संबोधन में बीते दस महीनों की उपलब्धियों को गिनाते हुए गर्व के साथ बताया कि जमुना-कोतमा क्षेत्र ने एसईसीएल में परफॉर्मेंस वाइज प्रथम स्थान हासिल कर संगठन का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा "ओपन कास्ट में आमाडांड ओसीएम और अंडरग्राउंड में जमुना 9-10 ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है यह सफलता सामूहिक मेहनत, प्रतिबद्धता और क्षेत्रीय एकजुटता का परिणाम है। उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए महाप्रबंधक ने जानकारी दी कि 13 अगस्त तक इस वर्ष कोयला उत्पादन में 71 प्रतिशत और ओबी रिमूवल में 184 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज हुई है। डिस्पैच और कोल क्वालिटी में भी उल्लेखनीय सुधार सामने आया है वर्षों से लंबित आमाडांड ओसीएम का मामला न्यायालय के निर्णय के बाद समाधान की ओर अग्रसर है। भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोकप्रिय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने कहा कि आमाडांड ओसीएम में रेल कनेक्टिविटी, बरतराई खदान में कंटीन्यूअस माइनर, और बदरा 7-8 में डिप्लेरिंग कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी अमृतधारा माइन का टेंडर अवार्ड हो चुका है और शीघ्र ही उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाया जाएगा। आर्थिक स्थिति में सुधार पर विशेष बल देते हुए त्रिपाठी ने कहा कि "पिछले वर्ष की तुलना में इस बार घाटे में लगभग 350 करोड़ रुपये की कमी दर्ज की गई है। पिछली तिमाही का घाटा 196 करोड़ से घटकर 47 करोड़ पर आना पूरे क्षेत्र के लिए उल्लेखनीय उपलब्धि है। उन्होंने वर्कर्स वेलफेयर, खेलकूद और डिपेंडेंट रोजगार योजनाओं में किए गए सकारात्मक कार्यों का भी उल्लेख किया स्थानीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि जमुना-कोतमा क्षेत्र न केवल उत्पादन और प्रदर्शन में बल्कि खेल और सामाजिक गतिविधियों में भी अपनी विशेष पहचान बना रहा है। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रबंधक ने कर्मचारियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा "सीएमडी का 300 मिलियन टन उत्पादन का सपना तभी साकार होगा। जब हम सब एकजुट होकर, समर्पण और निष्ठा के साथ निरंतर आगे बढ़ें यही सच्ची देशभक्ति और संगठन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता होगी।

## पीएम श्री शाउमावि अमरकंटक में जन्माष्टमी उत्सव संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में जन्माष्टमी का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री अनुजा मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की गाइडलाइन के अनुसार विद्यालय में नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम मे छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने भक्ति गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का आनंद उठाया और सभी ने मिलकर पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया।

**खबर संक्षेप**

## भारतीय स्टेट बैंक शाखा अमलाई में उत्साहमय हुआ ध्वजारोहण

**बुढार।** ओरियन्ट पेपर मिल्स कॉलोनी अमलाई स्थित भारतीय स्टेट बैंक में स्वतंत्रता दिवस के पुण्य बेला पर बैंक के शाखा प्रबंधक गुरुचरण सिंह ने ध्वजारोहण किया। भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक गुरुचरण सिंह ने वीर सपूतों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए और राष्ट्रगीत गायन में शाखा के समस्त विभागीय जन उत्साहमय सम्मिलित रहे। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण अवसर पर - धन बहादुर सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, अजय कुमार, विजय कुमार, लखन, धर्मेंद्र, हरप्रसाद, जयचंद्रन, अंकिता, कुण्डलना, सुनील कुमार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं समाजसेवियों को किया गया सम्मानित



**शहडोल।** जिला मुख्यालयमें आयोजित महात्मा गांधी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियो, कर्मचारियो एवं समाजसेवियो को समारोह के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा संम्मानित किया गया। जिन अधिकारियो एवं कर्मचारियो को सम्मानित किया गया उनमें श्रम निरीक्षक श्रीमती चरणा गुप्ता, ई-गर्वनेंस के स्वप्निल जैन, गृह विभाग के संजय जायसवाल, स्वास्थ्य विभाग के अंजू सिंह, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड से कोमल सिंह पोट्टाम, खेल विभाग से शैली पनिका, सुश्री देविका सिंह, शिक्षा विभाग से वेंदात मिश्रा, निशा कोल, चिकित्सा विभाग से डॉ. जितेंद्र पटेल, नगरपालिका से राकेश निगम, जनजातीय कार्य विभाग से संजय पाण्डेय, श्रीमती प्रीति सहाय, समाजसेवियो में श्री राम रक्तदान समिति, लल्लाराम वर्मन, भईयालाल बर्मन सहित अन्य अधिकारियो, कर्मचारियो एवं समाजसेवियो के नाम शामिल है।

## राधा कृष्ण की होली ब्रज के रंगों की अनुभूति दी



**उमरिया।** प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग बलराम जयंती (14 अगस्त, 2025) एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (16 अगस्त, 2025) के पावन अवसर पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में श्रीकृष्ण पर्व हलधर महोत्सव एवं लीलाधारी का प्रकटोत्सव का आयोजन कर रहा है। इसी श्रृंखला में मां बिरासनी क्रिकेट स्टेडियम, पाली (उमरिया) में ''श्रीकृष्ण पर्व'' के अंतर्गत तीसरे दिन प्रदेश के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने लीलाधारी से सम्बन्धित प्रसंगों को सांस्कृतिक स्वरूपों में उभारा। इस अवसर पर पहली प्रस्तुति सुश्री शालिनी खरे एवं साथी, जबलपुर की रही। उन्होंने श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका का प्रदर्शन किया। सबसे पहले गणेश वंदना से शुरुआत हुई। जिसमें गणेश रक्षाशोत्र पर आधारित कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके बाद विष्णु वंदना रू शाताकारम भुजगशयनम पर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। अगली प्रस्तुति शुद्ध कथक की रही, जिसमें तीनताल आधारित तराना की प्रस्तुति दी। इसके बाद द्रौपदी चीरहरण के प्रसंग को गतभाव में पिरोया। जिसमें सुश्री शालिनी ने सभी पात्रों को स्वयं प्रस्तुत किया। उनकी अंतिम प्रस्तुति राधा कृष्ण होली की रही। इसके बोल थे रंग डालूंगी नंद के लालन पे....। जिसमें दिखाया राधा सखियों के साथ मिलकर कृष्ण को रंग लगाने की योजना बनाती हैं। कृष्ण भी सखाओं के साथ उन्हें रंग लगाने पहुंच जाते हैं।



### 5 हजार से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया, ऐतिहासिक भीड़ में छलका आस्था का दरिया

# भव्य जन्माष्टमी धनपुरी ने पहली बार देखी







नगर के हृदय स्थल स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर में इस वर्ष जन्माष्टमी महोत्सव ऐतिहासिक बन गया। श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि मंदिर परिसर तिल रखने की जगह भी नहीं बची।

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।

अनुमान के अनुसार 5 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया, जो अब तक की सबसे बड़ी भीड़ मानी जा रही है।विधिवत पूजन और शुभ मुहूर्त16 अगस्त की रात्रि 11:16 बजे से शुभ मुहूर्त आरंभ हुआ और 12:03 बजे तक भगवान श्रीकृष्ण का विधिवत जन्मोत्सव मनाया गया। जैसे ही मध्यरात्रि के पावन क्षण आए, पूरा मंदिर परिसर "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जैसे जयकारों से गूंज उठा।आस्था का सैलाबसुबह से ही भक्तों की भीड़ मंदिर की ओर उमड़ पड़ी और देर रात तक यह सिलसिला चलता रहा। दर्शन के लिए कतारें कई सौ मीटर लंबी हो गईं। श्रद्धालु भक्ति संगीत, भजन और पूजन-अर्चन में भाव-विभोर होकर देर रात तक डटे रहे।भक्ति और लोकसंगीत से बंधा समांरीवा से आईं बघेलखंड की गायिका मनोरमा सिंह ने लोकगीतों से वातावरण को संगीतमय बना दिया। वहीं मुंबई से आईं रियलिटी शो विजेता इशिता विश्वकर्मा ने अपनी सुरीली आवाज़ से भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि देर रात तक भक्त झूमते रहे।आतिशबाजी और पुष्पवृष्टिजैसे ही जन्म का क्षण आया, रंग-बिरंगी आतिशबाजी ने रात के आकाश को रोशन कर दिया और पुष्पवृष्टि से वातावरण और भी पावन हो उठा। मंदिर द्वार, प्रांगण और दीवारों पर फूलों की झालरें और तोरण विशेष आकर्षण का केंद्र बने।मटकी फोड़ प्रतियोगिता में उमंगशाम को हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। 40 बच्चों में से 20 विजयी रहे जिन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विजेताओं में पीहू सोनी, सजदा, अनमोल, अंकित सिंह, जावेद और युवराज शामिल रहे।गणमान्य अतिथियों की उपस्थितिइस अवसर पर शहडोल कलेक्टर केदार सिंह, धनपुरी नगर पालिका अध्यक्ष रविंद्र कौर छाबड़ा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, सोहागपुर एसडीएम कमलेश पांडे, धनपुरी एसडीओपी विवेक पांडे सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।हिंदू धार्मिक संस्था अध्यक्ष हनुमान प्रसाद खंडेलवाल ने सभी का स्वागत किया।प्रमुख समाजसेवी भी रहे शामिलसमारोह में बड़ी संख्या में नगर के प्रतिष्ठित लोग और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। हिंदू धार्मिक संस्था के सह सचिव एस.पी. सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताया।इस बार की जन्माष्टमी धनपुरी के इतिहास में दर्ज हो गई। हजारों भक्तों की आस्था, देर रात तक चले भजन-पूजन, आतिशबाजी, पुष्पवृष्टि और मटकी फोड़ प्रतियोगिता ने इसे अविस्मरणीय बना दिया। श्रद्धालुओं ने कहा – "ऐसी जन्माष्टमी धनपुरी ने पहले कभी नहीं देखी।

## गुरुकृपा गौशाला लालपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर योगेश्वर श्रीकृष्ण व गौमाता की विधि विधान पूर्वक की गई पूजा अर्चना



**बुढार।** ग्राम पंचायत लालपुर स्थित गुरुकृपा गौशाला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर योगेश्वर श्रीकृष्ण जी व गौमाता की पूजन अर्चन किया गया, वहीं विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों व ग्राम वासियों ने बढ़ - चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। म.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन पर तथा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये शहडोल के मार्गदर्शन पर सोहागपुर जनपद क्षेत्रांतर्गत ग्राम लालपुर स्थित गुरुकृपा गौशाला में मौहरी क्षेत्रीय विकास समिति रामपुर द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर योगेश्वर श्रीकृष्ण जी की विधि - विधान पूर्वक पूजन की गई, और गौमाता का पूजनकर जनप्रतिनिधियों ने गुड़, चना तथा फल खिलाकर गौमाता का शुभाशीर्वाद अर्जित किये। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रामायण का आयोजन प्रातः काल से किया गया, वहीं अपरान्ह आयोजित भंडारा में ग्रामीण धर्मप्रेमियों ने भारी संख्या में पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किये।गुरुकृपा गौशाला के संचालक मोहन उपाध्याय ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं देते हुये कहाकि - गौमाता की सेवा ही सच्ची पूजा है, जिसमें पंचायत वासियों का सदैव अपेक्षित सहभागिता बनी हुई है, जिसके फलस्वरूप गौशाला में लगभग 240 गौमाता का संरक्षण व संवर्धन करते हुये भरपूर आहार व चिकित्सीय सुविधाये मुहैय्या करायी जा रही है। गुरुकृपा गौशाला में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम अवसर पर जनपद सदस्य - निशाविर नायक, सरपंच - रामकली, उपसरपंच - दीपेंद्र सिंह, सचिव- रामनरेश पांडेय, रोजगार सहायक - ओम प्रकाश गुप्ता, गौशाला प्रभारी- इंद्रपाल सिंह तथा प्रमोद कुमार, विकास कुमार द्विवेदी, राहुल द्विवेदी, शेख खालिक, दिनेश कुशवाहा, घनश्याम सिंह, राजकुमारी, सरोज सिंह, सुभान सिंह, रामेश्वर प्रसाद की विशेष उपस्थिति रही। श्रीकृष्णा जन्माष्टमी पर्व पर ग्राम पंचायत गिरवा जनपद बुढार में स्थित गौशाला में भी विविध धार्मिक कार्यक्रम के मध्य गौमाता की पूजन - अर्चना की गई।

## ब्रह्माकुमारीज मेडिटेशन सेंटर बुढार में चैतन्य राधे-कृष्णा, लक्ष्मी-नारायण की मनमोहक झांकी का दर्शन कर श्रद्धालुजनों ने पुण्य लाभ अर्जित किये

बुढार ।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज बुढार मेडिटेशन सेंटर में चैतन्य राधे कृष्णा, लक्ष्मी-नारायण की मनमोहक झांकी साज सज्जा के साथ लगाई गई, जहां श्रद्धालुजन श्रद्धाभाव से दर्शन किये।**



जन्मोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर व आरती वंदन कर किया गया, इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रीता दीदी ने चैतन्य झांकी का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुये कहाकि - हमारा भारत दैवीय गुणो और शक्तियों से संपन्न भारत था, जिसे सोने की चिड़यिा कहा जाता है, और इसी भारत में घी दूध की नदियां बहती थी जहां एक धर्म एक राज्य एक भाषा एकमत था। मेडिटेशन सेंटर में पधारे हुये श्रद्धालु जनों से ब्रह्माकुमारी रीता दीदी ने अनुरोध किया कि - आप सभी राजयोग सीख कर अपना जीवन ऐसा ही दिव्य बनायें। कार्यक्रम में मुख्यरूप से - समाज सेविका वृंदा भगत आरती खंडेलवाल सहित अनेकों श्रद्धालु जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम अवसर पर बी.के. प्रवीण भाई ने पधारे हुए गणमान्य जनों का स्वागत किया, और राजयोग मेडिटेशन के द्वारा गहरी शांति की अनुभूति करायी।

### मेले में 12 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, 350 जवानों को किया गया था तैनात

# जन्माष्टमी पर्व पर बांधवधीश मंदिर पर लगा मेला





उमरिया।

जिले में जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बांधवगढ़ ताला स्थित बाँधवाधीश मंदिर में भव्य आस्था का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालू 8 किमी का पैदल सफर तय कर मंदिर तक पहँचे, और पूजा अर्चना की । इस दौरान 12 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जन्माष्टमी पर्व पर बाँधवाधीश के दर्शन किये । मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में 350 जवानों को तैनात किया गया था।मेला के दौरान बांधवाधीश मंदिर परिसर में समग्र मेले की व्यवस्था हेतु बांधवगढ़ नेशनल पार्क के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम रीवा रियासत के वंषज दिव्यराज सिंह ने पूजा अर्चना की ।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह, वन मंडलाधिकारी विवेक सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़े। मेले के सफल संचालन के लिए एस डी एम मानपुर टी आर नाग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या ,डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी की ड्यूटी लगाई गई थी।

मंदिर प्रांगण के लिए प्रभारी अधिकारी बालेन्द्र शर्मा थाना नौरोजाबाद ,शेष शैय्या चरण गंगा के पास प्रभारी अधिकारी सत्यदेव यादव प्रभारी बिलासपुर, बड़ा तालाब, महाराजा तालाब व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी प्लाटून कमांडर राहुल साहू होमगार्ड कार्यालय, किला गेट के लिए प्रभारी अधिकारी उनि मनीष सिंह थाना चंदिया, कबीर गुफा बैरियर पास स उ नि सोनेलाल ठाकुर थाना चंदिया की ड्यूटी लगाई गई थी तथा उनके सहयोग के लिए अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

इसी तरह राष्ट्रीय उद्यान मुख्य प्रवेश द्वार 1 टिकट काउंटर के पहले प्रभारी अधिकारी निरीक्षक ज्योति शुक्ला थाना प्रभारी चंदिया, टिकिट काउंटर व्यवस्था के लिए उनि अमित विश्वकर्मा पुलिस लाइन उमरिया, प्रवेश द्वार राष्ट्रीय उद्यान 2 टिकट काउंटर के बाद प्रभारी अधिकारी निरीक्षक विजय पटले के साथ ही बाजार एवं मेले व्यवस्था , यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था के साथ ही संचार व्यवस्था, वीडियो ग्राफी, फोटोग्राफी, सूचना संकलन के लिए ड्यूटी लगाई गई थी।

## एमबी पावर प्लांट में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन ध्वजारोहण, परेड और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा परिसर

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।



15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस पर एमबी पावर प्लांट परिसर देशभक्ति के रंग में रंग उठा। सीओओ एवं प्लांट प्रमुख श्री आनंद देशपांडे ने ध्वजारोहण कर शहीदों के अमर बलिदान को नमन किया और राष्ट्र निर्माण में संयंत्र की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। मानव संसाधन एवं प्रशासन प्रमुख आर. के. खटाना ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों की गाथा और उनके त्याग का स्मरण कराया। उन्होंने सीएसआर के तहत वर्षभर में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी, जिनमें सड़कों का निर्माण, 13 हैंडपंप की स्थापना, राठौर चौराहा से ग्राम लहरपुर मुर्रा तक स्ट्रीट लाइट और 26 ग्रामों में 40 हाईमास्ट लगाने जैसे कार्य शामिल हैं। सुरक्षा विभाग के प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा जवानों ने अनुशासित व भव्य परेड कर तिरंगे को सलामी दी। अपने संबोधन में श्री देशपांडे ने संयंत्र की शत-प्रतिशत क्षमता संचालन को सामूहिक समर्पण और टीम वर्क का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने वीरगाथाओं एवं अखंडता में एकता पर आधारित नाट्य एवं संगीत प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। सुरक्षा विभाग ने पूरे परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाकर माहौल को और भी खास बना दिया। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इस वर्ष परिसर वासियों के बच्चो के लिए राष्ट्र प्रेम से प्रेरित पैंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन रखा गया उसमें सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग के अधिकारी गौरव पाठक और राघवेन्द्र सिंह ने जोश और उत्साह भरे भाषण के साथ किया। विभाग के प्रबंधक श्रीकृष्ण पांडेय ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन बच्चों और मेहमानों को मिष्ठान वितरण के साथ हुआ।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर सागेश्वरनाथ मंदिर के राधाकृष्ण प्रांगण में भजन संध्या कार्यक्रम संपन्न

## राधा कृष्ण की झांकी देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

उमरिया।

**जिले भर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित सागेष्वरनाथ मंदिर के राधा कृष्ण प्रांगण में महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ स्वराज संस्थान संचालनालय संस्कृति विभाग मप्र शासन भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री आसुतोष अग्रवाल ने किया।**





कार्यक्रम में राहुल गौतम एवं उनकी टीम व्दारा भजनों की प्रस्तुती दी गई जिसे दर्षकों ने खूब सराहा । इसी तरह छोटे छोटे बच्चों ने श्रीकृष्ण एवं राधा बनकर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर दर्षक मंत्रमुग्ध हो गये । इसके साथ ही महिलाओं व्दारा राधा कृष्ण प्रांगण में महिलाओं व्दारा भजनों की प्रस्तुति दी गई । इस दौरान बड़ी संख्या में श्रध्दालु गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री आसुतोष ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के निर्देशन पर प्रदेश के समस्त जिलों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव उमरिया जिले में पूरे धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान उन्होने उपस्थित जनों को श्री कृष्ण की बाल लीआओ सहित अन्य लीलाओ से भी अवगत कराया । उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म और धर्म के पथ पर अडिग रहना सिखाया है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन अनेक कष्ट और संघर्षो से भरा रहा, फिर भी वे अपने कत्तव्य से विमुख नहीं हुए। उनका जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी है। जीवन के हर पड़ाव में गोपाल श्रीकृष्ण के विविध रूप नजर आते हैं। इनमें गोवर्धनधारी श्रीकृष्ण, श्रीराधा-कृष्ण, विराट रूपधारी श्रीकृष्ण, योगीराज श्रीकृष्ण और द्वारकाधीश श्रीकृष्ण शामिल हैं। श्रीकृष्ण ललित कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने विश्व को कलाओं से परिचित कराया। वे हम सबके लिए सदैव पूजनीय हैं और रहेंगे।

**खबर संक्षेप**

## अमरकंटक : हर्षोल्लास से मनाई गई जन्माष्टमी



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि पर नर्मदा मंदिर परिसर स्थित मुरली मनोहर मंदिर एवं राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और पारंपरिक धार्मिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा वेद मंत्रों और भजनों के बीच मध्यरात्रि ठीक 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" जैसे जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। जन्मोत्सव पश्चात भगवान की महाआरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। जन्मोत्सव से पूर्व भक्तगणों ने भजन-कीर्तन में भाग लिया। आरती और पूजन-अर्चन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं फलाहार वितरित किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर एवं नर्मदा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने पावन सलिला नर्मदा में डुबकी लगाई, स्नान-पूजन किया और पतित पावनी मां नर्मदा के दर्शन किए। इसके बाद मुरली मनोहर भगवान का पूजन कर मन्नत मांगी। जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगरभर में उल्लास और भक्ति का वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालु देर रात तक भजन-कीर्तन एवं उत्सव में सम्मिलित होते रहे।

## जमुनिहा ग्राम में 15 दिनों से बिजली नदारत



**जमुना/बदरा।** विधान सभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिहा में ट्रांसफार्मर जल जाने की वजह से 15 दिनों से बिजली गुल है सुध खबर लेने वाला कोई नहीं है जमुनिहा ग्राम पंचायत मेंज्यादातर, हरिजन, आदिवासी, और पिछड़ी जाति के लोग निवासी है क्या इसी वजह से संबंधित विभाग समस्या को सुलझाने की बजाय अनदेखा कर रहा है भीषण गर्मी के आलम में सांप बिच्छू के खतरे सेलोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। कल दिनांक 16 अगस्त को एक ट्रांसफार्मर कोतमा का बिजली विभाग ले जाकर लगाया ओर जैसे ही पावर दिया गया। ट्रांसफार्मर में भयंकर विस्फोट जैसे आवाज आई और अभी भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### कोरम पूर्ति तक सीमित जिम्मेदारों की आवारा जानवरों की धरपकड़ कार्यवाही

# सिर्फ कागजों में दौड़ रहा जानवरों को पकड़ने वाला वाहन

**कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखा रहा नगर पालिका अनूपपुर**

**कलेक्टर के निर्देश के दो साल मे भी नही दिखी आशाजनक कार्यवाही**

**जिला मुख्यालय का नगर पालिका अनूपपुर ही उड़ा रहा आदेश की धज्जियां**

**अभियान चलाकर मवेशियों के नियंत्रण का कलेक्टर के दोबारा निर्देश का भी नही असर**





जिला मुख्यालय समेत पूरे जिले के नगर पालिका, नगर परिषद, ग्राम पंचायत में नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे एवं अन्य सड़क मार्गो में आवारा जानवरो की धमाचौकड़ी मची रहती है जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है लोग जिससे लोग घायल होते है और कई मौत के आगोश में समा जाते है। इस मामले मे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने सड़को से तुरंत जानवरों को हटाने का आदेश दिया था मगर अधिकारियों के कान में जूं तक नही रेंग रही है। सभी अधिकारी अभी तक कुंभकर्णी नींद में सो रहे है, अब इनकी नींद कब खुलेगी किसी को नही पता। आदेश के बाद आम लोगो को एक उम्मीद जगी थी वह उम्मीद भी धूमिल होती दिख रही है। जिसके बाद कलेक्टर ने पिछले साल दोबारा 23 अगस्त को निर्देश जारी किये थे, लेकिन इसके बाद भी प्रगति नगण्य है।

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**

सभी नगर परिषद, नगर पालिका, ग्राम पंचायत को कलेक्टर ने तत्काल आवारा जानवरो को सड़को से हटाने का आदेश का जिले में कोई असर नही हुआ। यहां तक कि जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका अनूपपुर ही कलेक्टर के आदेश की जमकर धज्जियां उड़ा रहा है। अधिकारी केवल कागजी खानापूर्ति पर विश्वास करते हैं तभी तो 1 सितंबर 2023 के आदेश के 11 माह से अधिक बीतने के बाद भी इस मामले मे बड़ा कदम नही उठाया जा सका है। मुख्यालय समेत पूरे जिले में वही पुरानी स्थिति बनी हुई है। ग्राम, नगर पंचायत के अधिकारी कलेक्टर के आदेश को धता बता रहे हैं।

### जस की तस स्थिति

दैनिक हरिभूमि की टीम ने जब जिला मुख्यालय में आवारा जानवरो की धमाचौकड़ी का जायजा लिया तो शेपर्स स्कूल, अमरकंटक तिराहा, शंकर मंदिर, इंदिरा तिराहा, तहसील कार्यालय, साई मंदिर, कोतवाली, बस स्टैंड, सामतपुर तिराहा, विद्युत सब स्टेशन, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय, एचपी गैस एजेंसी, बीएसएनएल आफिस, पुलिस कॉलोनी होते हुए पुरानी बस्ती तक देखा गया तो कही पर ऐसी स्थिति नही दिखी जहां आवारा जानवरो की भरमार न रही हो। इसके अलावा पूरे जिले में हरिभूमि के प्रतिनिधियों के सर्च मे भी वहां की स्थिति लगभग ऐसी ही मिली। अधिकारी केवल खानापूर्ति के नाम पर कभी कभार 2-4 जानवरो को पकड़कर फोटो खिंचवाकर अपना कोरम पूरा कर लेते हैं जबकि जिला मुख्यालय में ही आवारा जानवरो की गिनती हजारों से ऊपर है।

### पूर्व कलेक्टर का यह था आदेश

1 सितंबर 2023 को कलेक्टर द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों से एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों जनपद पंचायत को पंचायत से गुजरने वाले राजमार्गों से आवारा (निराश्रित) गौवंशों को नजदीकी गौशालाओं मे प्रतिस्थापित (भेजे जाने) के निर्देश जारी किये गये थे। इस संबंध में जानकारी देते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. एपी पटेल ने बताया था कि गौशालाओं में प्रतिस्थापित पशु 12 अंक के इनाफ टैग लगाकर पंजीकृत कर लिए जायेंगे। पशुपालक द्वारा पशु वापस मांगे जाने पर कलेक्टर द्वारा निर्धारित अर्थदंड (शुल्क) की वसूली किये जाने पर पशुपालक को पशु वापस किये जा सकेंगे।

### वर्तमान कलेक्टर ने भी दिया था आदेश

जिले के प्रमुख मार्गों पर अभियान चलाकर मवेशियों के नियंत्रण हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 23 अगस्त 2024 को दल का गठन किया था। यह दल प्रतिदिन सायंकाल प्रमुख मार्गों से आवारा मवेशियों पर नियंत्रण तथा उन्हें राजमार्गों से बाहर हटाने एवं निकटतम गौशालाओं में प्रतिस्थापन की कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। साथ ही पशु चिकित्सा के विभागीय दल घायल पशुओं का उपचार करेंगे। कलेक्टर ने अंडरब्रिज से तिपान नदी/साईं मंदिर की ओर एवं जेल बिल्डिंग तक, अंडरब्रिज से कलेक्ट्रेट सोन नदी, सोन नदी से सांधा तिराहा बरबसपुर, अंडरब्रिज से चचाई मार्ग, एनएच-43 बकही से सांधा मार्ग बकेली, एनएच-43 बैहाटोला टोल प्लाजा के पास, एनएच-43 फुनगा, एनएच-43 न्यू डोला मार्ग, राजेन्द्रग्राम तथा अमरकंटक में दल गठित कर अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी।

### मवेशी हादसों में गवां रहे जान

बीच सड़को पर दिन व रात्रि के समय बैठे हुए जानवरो के कारण प्रतिदिन दुर्घटना होती रहती है जिससें लोगो की जान माल के नुकसान के साथ मवेशियों की भी मौत हो जाती है। कुछ मवेशी जो बच जाते हैं वे हमेशा के लिए अपंग हो जाते है। रात के समय जब तेज रफ्तार से सामने के गाड़ियों की हेड लाइट की रोशनी आंखों पर पड़ती है तो कुछ देर के लिए वाहन चालक के आंखों में कुछ भी दिखना बन्द हो जाता है और सड़क पर बैठे हुए जानवरो से गाडी टकरा जाती है।

### कागजों में गौशाला, धरातल मे कुछ नही

प्रदेश सरकार गौ वंश के लिए ग्राम पंचायतों में गौशाला का निर्माण करवाकर लाखो रुपये एक गौशाला के लिए खर्च कर रही है लेकिन उसके बाद भी गौशाला की हालत बद से बदतर है। गौशाला होने के बाद भी सड़को पर गौ वंश घूमते रहती हैं। जिनके जिम्मे गौशाला की देखरेख करवाया जा रहा है वे लोग केवल गौशाला के नाम पर खानापूर्ति कर अपनी जेब गरम करते हैं। गौशाला में जो गौवंश रहते है उनको ढंग से खाना पानी भी नसीब नही होता है। गौवंश एक बार बीमार पड़ जाए तो उनको देखने वाला कोई नही है। न डॉक्टर, न दवाई और बीमार मवेशी बिना इलाज व खाना पानी के दम तोड़ देते हैं।

### कबाड़ की स्थिति तक पहुंची लाखों की गाड़ी

ज्यादातर नगरपालिका में आवारा जानवर पकड़ने वाली गाड़ी लाखो खर्च करके खरीदी गई है, मगर उस गाड़ी का उपयोग बिलकुल नही हो रहा है जिससे लाखो का वाहन कबाड़ होते जा रहा है। अगर इस गाड़ी का उपयोग माह में 5 दिन भी कर लिया जाए तो शहर के अंदर से आवारा जानवर न के बराबर हो जायेंगे, लेकिन नगरालिका की लापरवाही के कारण कुछ भी नही हो पा रहा है। अधिकारी कर्मचारी कुर्सी तोड़ते बैठे रहते हैं काम कोई भी नही करना चाहता, वही पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. एपी पटेल के बताये अनुसार गौशालाओं में प्रतिस्थापित पशु 12 अंक के इनाफ टैग लगाकर पंजीकृत किये गये कि नही, इसकी भी कोई जानकारी नही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**इधर नेता व अधिकारियों के मंदिर से जाते ही रखे डस्टबिन नगर पालिका ने उठवा लिये**





**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जगह-जगह जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया 2 दिन पहले से मंदिरों की साफ सफाई रंग रोगन, झालर, झूमर एवं आकर्षक लाइट से सजाया गया। जिला प्रशासन की देखरेख में पूरे जगह सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात किए गए जिला मुख्यालय में स्थित राम जानकी मंदिर वार्ड नंबर 4 के पुजारी पंडित नरेंद्र प्रसाद तिवारी ने बताया की राम जानकी चेरिटेबल ट्रस्ट वर्ष में होने वाले हर त्यौहार में मंदिर की देखरेख पूजा प्रसाद की विधिवत व्यवस्था करती हैं जिसमें सभी नगर वासियों का सहयोग रहता है, इस वर्ष मुख्यमंत्री के आदेशानुसार विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम व भजन प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंत्री ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलेश पुरी व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण मन्दिर में उपस्थित थे। इन्होंने कार्यक्रम को सराहना की व दर्शन प्राप्त किया। मध्य रात्रि ठीक 12 बजे शंख व घंटे की ध्वनि के साथ भगवान का जन्म हुआ व आतिशबाजी की गयी.. आरती पूजन पश्चात बधाई गीत गाये गए व प्रसाद वितरण किया गया। महिलाओं बच्चों और अन्य वर्ग के लोगों ने भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद लिया, साथ ही शहर के शिव मारुति मंदिर सामतपुर मंदिर, राम जानकी मंदिर पुरानी बस्ती, शिव मंदिर चेतना नगर, तिपान एवं सोन नदी के शिव मंदिर एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में बड़े ही उत्साह के साथ क कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया व भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

**मटकी फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन-** भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के उपलक्ष्य में विगत 7 वर्षों से मां मनोकामना समिति एवं श्री दुर्गा मंदिर मढ़िया के द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी दुर्गा मंदिर मढ़िया के प्रांगण में मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें मिनी मटकी फोड़ बच्चों के लिए व बड़े युवाओं के लिए 50 फिट मटकी फोड़ का आयोजन किया गया जिसमें आयोजक समिति के टीम द्वारा अंत में मटकी फोड़ के कार्यक्रम को पूर्ण किया गया कार्यक्रम में पुलिस बल का पूर्ण सहयोग रहा जिससे शांति और सुरक्षा पूर्वक कार्यक्रम सम्पन्न हो सका। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में सभी समितियो द्वारा जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आगे भी इसी तरह सहयोग की अपेक्षा की गयी।

**नगर पालिका की ओछी हरकत -** स्वच्छता के प्रति नगर पालिका की शर्मनाक हरकत से नगरवासी क्षुब्ध हैं। मामला जन्माष्टमी से ही जुड़ा हुआ है। जन्माष्टमी के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित राम जानकी मंदिर मे मंत्री दिलीप जायसवाल समेत अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कमलेश पुरी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मंदिर पहुंचे थे।

### रोगों के विरुद्ध कारगर है इनका सेवन

# महंगी है, लेकिन पौष्टिक और स्वादिष्ट है पिहरी और पूटू

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।**



एक निश्चित समय और जगह पर ही पैदा होने वाली पौष्टिक और स्वादिष्ट सब्जी जिसको स्थानीय भाषा पिहरी व पूटू के नाम से पहचाना जाता है। इन दोनों सब्जी की पैदावार बारिश के शुरूआती चरण में ही होती है और बमुश्किल 20 से 25 दिन ही इसका उत्पादन प्राकृतिक तरीके से संभव होता है। जंगल, पहाड़ों में एक निश्चित समय तक मिलने वाली पिहरी, पूटू इन दिनों बाजार में नजर आ रहीं हैं। पिहरी के दाम 600 से लेकर 800 रुपये किलो तक है, वहीं पुटपुटा के दाम 400 से 600 रुपये प्रति किलो है। आसमान छूते दामों के बावजूद लोग इन्हें खाना पसंद कर रहे है। आदिवासी अंचल सहित इनकी मांग दूसरे जिलों में भी है।

### पिहरी ही है मशरूम

महानगरों में मशरूम कहलाने वाला ये साग अनूपपुर जिले में पिहरी नाम से जाना जाता है। इनके दाम ऊंचे होने का कारण यह है कि पिहरी, पूटू जंगल, पहाड़ जैसे क्षेत्रों में पैदा होती है तथा कम मात्रा में पैदा होती है, इन्हें इकट्ठा करना भी बड़ा मुश्किल काम है। जंगल से चुन चुनकर इसे इकट्ठा करना होता है, इसलिए यह मंहगी मिलती है।

### साल वनों में होती है पिहरी व पूटू

पिहरी जंगलों में होती है। जहां साल के पेड़ों की अधिकता होती है, वहीं पर उगती है पिहरी व पूटू। यहां के जंगलों में मिलने वाले पुटपुटा की दिल्ली तक मांग है। खाने योग्य फफूंद में भरपूर प्रोटीन, मिनरल, पोषण तत्व से भरपूर है। वनांचल के साप्ताहिक बाजार में आते ही इनकी ब्रिकी हो जाती है। जंगल से लाकर ग्रामीण साप्ताहिक बाजार में विक्रय कर रोजी-रोटी जुटा रहे है। खाने के शौकीन स्वाद में लाजवाब पूटू साग के दीवाने है। इससे शरीर में प्रोटीन, मिनरल की कमी पूरी हो रही है। पूटू साल के पेड़ के नीचे बारिश के सीजन में जमीन से निकलता है। जमीन की गर्माहट के बाद मशरूम प्रजाति का पूटू पेड़ के आसपास निकल आता है। इसे पुटपुटा नाम से भी जाना जाता है। इसका वनस्पति नाम लाइकोपरडान है। वनस्पति विशेषज्ञों के मुताबिक पूटू खाने योग्य फंफूद है। पुटपुटा का ऊपरी हिस्सा सख्त और अंदर मुलायम होता है। इसके अंदर सफेद, पीला, भूरा और काले रंग का हिस्सा हो सकता है। सफेद रंग के दौरान पुटपुटा की सब्जी बहुत ही स्वादिष्ट लगती है। काला रंग होने पर इसे उपयोग में नहीं लाया जाता है।

### शहरों में डिमांड

पुटपुटा की महानगरों में भारी मांग है। इसके गुण और स्वाद को जानने वाले दिल्ली और मुंबई में रहने वाले भी यहां से इसे ले जाते हैं। उत्पादन से कहीं ज्यादा पूटू की मांग है। डिंडौरी, मंडला जिले के अलावा बालाघाट और छत्तीसगढ से भी पूटू की मांग है। जानकार बताते हैं कि नॉनवेज न खाने वालों के लिए पूटू ज्यादा बेहतर है और विकल्प के रूप में देखा जाता है। पूटू का स्वाद नॉनवेज की तरह होता है और इसमें चिकन और मटन की तरह पोषक तत्व की मात्रा भरभूर है। प्रोटीन और मिनरल होने के कारण कमी को पुटपुटा आसानी से पूरा कर शरीर को स्वस्थ और तंदुरूस्त बनाता है। इन्हीं गुणों और अपने स्वाद के कारण इसे लोग ग्रीन चिकन कहते है।

# केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं केन्द्रीय विद्यालय अनुपपुर के प्राचार्य देवेंद्र कुमार तिवारी का विद्यालय की कलर पार्टी द्वारा अगवानी कर स्वागत किया गया तत्पश्चात उनके द्वारा विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया एवं इस अवसर पर अपने उत्साह एवं जोश का परिचय देते हुए समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा बुलंद ध्वनि से राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें मंचासीन कराया गया। स्वतंत्रता दिवस के रंगमंच कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों द्वारा विविध मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईद्य सर्वप्रथम कक्षा सातवीं की छात्रा अनिका पाण्डेय ने हिन्दी भाषा में स्वाधीनता की भावना से ओत प्रोत भाषण दिया, इसके बाद कक्षा पहली तथा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति गीत पर मन को आनन्दित कर देने वाला सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कियाद्य इसके पश्चात कक्षा तीसरी की छात्रा कपिलेश्वरी सिंह के द्वारा आंग्ल भाषा में वक्तव्य दिया गया एवं कक्षा चौथी एवं पाँचवी के विद्यार्थियों ने धरती माता की आराधना करते हुए भव्य नृत्य का प्रदर्शन किया। तत्पश्चात कक्षा 9वीं की छात्रा प्रकृति सिंह ने अपने देश प्रेम को व्यक्त करते हुए आंग्ल भाषा में वक्तव्य दियाद्य इसके बाद कक्षा 10वीं की छात्राओं ने राष्ट्र के प्रति समर्पण को दर्शाती कविता का मधुर ध्वनि में सामूहिक गायन किया। छात्र प्रस्तुतियों की अंतिम कड़ी के रूप में कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को समर्पित गीत पर सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के तारतम्य को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रेरक उद्बोधन दिया गया जिसके अंतर्गत उन्होंने कहा कि प्रिय विद्यार्थियों, सहकर्मियों एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों, सर्वप्रथम मैं आप सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आज का दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और संकल्प का भी दिन है। स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ केवल बंधनों से मुक्त होना नहीं है, बल्कि स्वेच्छा से अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करना भी है। हम जिस भी क्षेत्र में कार्यरत हैं, चाहे वह शिक्षा हो, विज्ञान हो, कृषि हो या सेवा का कोई अन्य क्षेत्रकृहमें उसमें एक कर्मयोगी की भाँति शत प्रतिशत योगदान देना चाहिए। यह याद रखना आवश्यक है कि हमारा हर छोटा प्रयास देश को ऊँचाइयों और बुलंदियों तक पहुँचाने में सहायक बन सकता है। विद्यार्थियों, हमें अपने देश के साथ-साथ इस धरती और प्रकृति के प्रति भी जिम्मेदारी का भाव रखना चाहिए। प्रकृति हमें वायु, जल, प्रकाश, वर्षा और अन्न देती है अतः हमारा यह कर्तव्य है कि हम उसके संतुलन को बनाए रखें और उसका संरक्षण करें। यदि हम सभी अपने कार्यों के प्रति ईमानदार रहें और अपने देश के प्रति निष्ठावान बने तो हमारी यह स्वतंत्रता शाश्वत रहेगी।

# अमरकंटक में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में 79वां महापर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय में प्राचार्य कमलेश मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसी अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अनुशासित परेड प्रस्तुत की और आज़ादी के अमर सेनानियों को नमन करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीत-नृत्यों का मनमोहक आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार उमाशंकर पांडे मुन्नू तथा विशिष्ट अतीत के रूप में सोमू दुबे पत्रकार उपस्थित रहे।

**निकाली गई प्रभात फेरी-** स्वतंत्रता दिवस अवसर पर नगर के समस्त विद्यालयों एवं शासकीय संस्थानों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा अमर शहीदों एवं महापुरुषों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसी क्रम में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दौरान मार्ग में आने वाले विद्यालयों ने भी उत्साहपूर्वक प्रभात फेरी में भागीदारी निभाई। गगनभेदी देशभक्ति नारों से गूंजता हुआ यह काफिला नर्मदा मंदिर प्रांगण सामने पहुंचा, जहाँ सामूहिक ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन कर स्वतंत्रता पर्व का उल्लास सार्वजनिक रूप से साझा किया गया।

**नर्मदा मंदिर प्रांगण में मुख्य समारोह-** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के मध्य स्थित नर्मदा मंदिर प्रांगण में मुख्य समारोह आयोजित हुआ।



नगर परिषद की अध्यक्षा पार्वती सिंह उइके ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर नगर के स्कूली छात्र-छात्राएँ, संस्थानों के प्रबुद्धजन, पार्षदगण, गणमान्य नगरवासी तथा बाहर से आए पर्यटकजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया तथा सभी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**मेधावी छात्रों का सम्मान-** मंच पर गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में नगर परिषद अध्यक्षा पार्वती सिंह उइके एवं उपाध्यक्ष एडवोकेट रज्जू सिंह नेताम द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वतंत्रता दिवस संदेश वाचन किया गया। इसके बाद नगर के विभिन्न विद्यालयों की कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के उन मेधावी विद्यार्थियों को, जिन्होंने अमरकंटक सहित जिले में प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की है, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया इसी तरह सर्प प्रहरी वरुण उपाध्याय एवं अतुल तिवारी को शील्ड दे कर सम्मानित किया गया। तैराकी के लिए अतुल द्विवेदी को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिका तिवारी पार्षद विमला दुबे शक्ति पांडे उषा सिंह उईके सावित्री सिंह रोशन पनारिया मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष श्यामलाल सेन प्रकाश द्विवेदी आदि उपस्थित एवं शामिल रहे। 79 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक में प्राचार्य अनुजा मिश्रा, अमरकंटक विकास प्राधिकरण में सुमित चौकसे पुलिस थाना अमरकंटक में नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी कल्याण का शिक्षा महाविद्यालय में प्राचार्य राम सेवक कुशवाहा पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक में प्राचार्य आशीष शुक्ला ने भारतीय स्टेट बैंक अमरकंटक में शाखा प्रबंधक गौरव उपाध्याय मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल कार्यालय में उप यंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया सलामी दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने सभी उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और समारोह की औपचारिक समाप्ति की।